पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

<u>राज्यपाल ने मुंबई में जारी किया अपना चतुर्थ कार्यवृत्त</u>
<u>महाराष्ट्र के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री से मिले श्री नाईक</u>

लखनऊः 24 जुलाई, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज मुंबई हिन्दी पत्रकार संघ द्वारा मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में अपना चतुर्थ कार्यवृत्त 'राजभवन में राम नाईक 2017-18' का विमोचन किया। श्री नाईक ने 22 जुलाई 2014 को उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण की थी। इस दृष्टि से 4 वर्ष पूर्ण होने पर राज्यपाल श्री राम नाईक ने 22 जुलाई 2018 को राजभवन लखनऊ में आयोजित पत्रकार वार्ता में अपना कार्यवृत्त हिन्दी एवं उर्दू भाषा में प्रस्तुत किया था।

राज्यपाल श्री राम नाईक ने अपने मुंबई दौरे पर महाराष्ट्र के राज्यपाल श्री सी0 विद्यासागर राव एवं मुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फडणवीस से भी मुलाकात कर उन्हें अपने कार्यवृत्त की प्रति भेंट की।

उल्लेखनीय है कि राज्यपाल श्री राम नाईक ने पहले छः माह का कार्यवृत्त, फिर एक वर्ष पूरा होने पर लगातार अपना कार्यवृत्त जारी कर रहे हैं। कार्यवृत्त जारी करने की परम्परा का निर्वहन वे विधायक, सांसद, केन्द्रीय मंत्री और सार्वजनिक जीवन में रहते हुए 1978 से कर रहे हैं। श्री नाईक अपनी उसी परम्परा का निर्वहन जवाबदेही और पारदर्शिता की दृष्टि से राज्यपाल रहते हुए भी करते आ रहे हैं।

अंजुम/ललित/राजभवन (287/24)

हिंदी

मुंबई हिंदी पत्रकार
द्वारा

2017–18